राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–विज्ञप्ति

एफ.7(14)परीक्षा/राज्य–अधी./2015–16 / 1503 दिनांक 30.10.2018

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा डी.बी.स्पेशल अपील रिट संख्या–1266/2018 राजस्थान राज्य बनाम विनोद कुमार शर्मा एवं अन्य याचिकाओं में पारित निर्णय दिनांक 09.10.2018 की पालनार्थ एवं शासन सचिव, कार्मिक (क–4/वाद) विभाग जयपुर के पत्र दिनांक 12.10.2018 एवं 25.10.2018 के परिप्रेक्ष्य में आयोग द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2016 में डीसी केटैगरी के 12 पदों हेतु (आबकारी विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारी) विशेष मुख्य परीक्षा आयोजित की जानी है।

अतः दिनांक 28.08.2016 को आयोग द्वारा उक्त पदों हेतु आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा में **उपस्थित** रहे राजस्थान सरकार के आबकारी विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि वे आबकारी विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग में कार्यरत होने का प्रमाण–पत्र/दस्तावेज दिनांक 05.11.2018 तक व्यक्तिशः/डाक द्वारा आयोग कार्यालय के कमरा नम्बर 32 में आवश्यक रूप से जमा करावें। उक्त सूचना उपलब्ध कराने वाले अभ्यर्थियों को ही विशेष मुख्य परीक्षा में शामिल किया जावेगा । पात्रता की शर्तें विज्ञापन के अनुसार ही रहेगी ।

(पी0सी0बेरवाल)
सचिव